डिजिटल इंडिया अभियान हेतु जीएसटी के लिए एक मोबाइल एप लाँच

drishtiias.com/hindi/printpdf/digital-india-campaign-for-gst-to-launch-mobile-app

डिजिटल इंडिया अभियान को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीईसी) ने करदाताओं को जीएसटी पर नवीनतम जानकारियाँ सुलभ कराने हेतु वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के लिए एक मोबाइल एप लांच किया है ।

प्रमुख बिंदु :

- अपने सहज एवं उपयोग में आसान इंटरफेस के कारण जीएसटी मोबाइल एप्लीकेशन कारोबार में और ज्यादा आसानी सुनिश्चित करने एवं करदाताओं को उत्कृष्ट सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सीबीईसी की एक और पहल है |
- इस मोबाइल एप्लीकेशन से करदाताओं को जीएसटी पर नवीनतम जानकारियाँ सुलभ हो जाएँगी।
- करदाता इसके अलावा अपनी ओर से सुझाव (फीडबैक) भी दे सकते हैं |
- इसके साथ ही वे एक टोल फ्री नम्बर अथवा ईमेल के जरिये एक बटन दबाकर सीबीईसी की चौबीस घंटे कार्यरत रहने वाली हेल्पडेस्क 'सीबीईसी मित्र' से संपर्क कर सकते हैं।
- मोबाइल एप को एंड्रायड प्लेटफॉर्मों पर नि:शुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। इसके आईओएस (ios) वर्जन को भी शीघ्र ही उपलब्ध कराया जाएगा ।

करदाता इसके जरिये जीएसटी से जुड़ी निम्नलिखित जानकारियाँ प्राप्त कर सकते हैं :

- जीएसटी पद्धति को अपनाना और इसे अपनाने से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश
- मसौदा कानून-मॉडल जीएसटी कानून, आईजीएसटी कानून और जीएसटी मुआवजा कानून
- मसौदा नियम-पंजीकरण, रिटर्न, भुगतान, रिफंड और इनवायस से संबंधित नियम
- जीएसटी पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू)
- जीएसटी से संबंधित विभिन्न संसाधन जैसे कि कोई वीडियो, लेख इत्यादि
- संबंधित वेबसाइट लिंक
- हेल्पडेस्क/ईमेल सम्पर्क

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली के बारे में करदाताओं और संबंधित व्यक्तियों को नवीनतम जानकारी मिल सके | इसके लिए सरकार ने यह मोबाइल ऐप लांच किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को देखते हुए इसे जारी किया गया है। सरकार का मानना है कि इस ऐप से करदाताओं का जीएसटी पर नवीनतम जानकारी पाना सुलभ हो जाएगा। यह सरकार का डिजीटलाइजेशन की तरफ एक और कदम है |